संख्या–1763 / 77–3–14–259(एम) / 2014

प्रेषक,

अनिल कुमार,
अनु सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

मुख्य कार्यपालक अधिकारी,
यूपीडा, पर्यटन भवन,
गोमतीनगर, लखनऊ।

औद्योगिक विकास अनुभाग–3 — लखनऊःदिनांकः 01 अक्टूबर, 2014

विषयः–'आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' के पांचो पैकेजों को इ0पी0सी0 पद्धति पर क्रियान्वयन हेतु निर्माणकर्ताओं के चयन एवं सम्पूर्ण परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–855 / यूपीडा / 2013 / 206 दिनांक 12.09.2014 का कृपया रांदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसमें 'आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' के पांचो पैकेजों को ई0पी0सी0 पद्धति पर क्रियान्वयन हेतु निर्माणकर्ताओं के चयन एवं सम्पूर्ण परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत के उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर अनुमोदन प्रदान किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. संदर्भित पत्र में उपलब्ध कराये गये प्रस्ताव पर शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त निम्नवत निर्णय लिया गया है :–

(1) 'सचिव समिति' की बैठक दिनांक 10.09.2014 मे की गयी संस्तुति के अनुसार शासनादेश संख्या 1342 / 77–3–14–2 यूपीडा / 12 दिनांक 11.08.2014 के पैरा 2(1) के बिन्दु (1.1) में निम्नवत् संशोधन किया जाय :–

"अनुबन्ध के आर्टिकल 19.2.1 में किये गये विचलन, जिसके अनुसार 'मोबिलाइजेशन एडवान्स के भुगतान हेतु कुल मोबिलाइजेशन एडवान्स की धनरशि का 5 प्रतिशत तक भुगतान प्रथम किस्त में तथा 10 प्रतिशत के मोबिलाइजेशन एडवान्स का शेष भुगतान द्वितीय किस्त के रूप में एवं मशीनरी प्रोक्योरमेंट हेतु आवश्यक एडवान्स (अधिकतम 5 प्रतिशत) तीसरी किस्त के रूप में किये जाने का प्राविधान किया गया है' के स्थान पर

'मोबिलाइजेशन एडवान्स के भुगतान हेतु कुल कान्ट्रेक्ट प्राइज की धनराशि का 5 प्रतिशत के मोबलाइजेशन एडवान्स का भुगतान प्रथम किस्त में तथा शेष 5 प्रतिशत के मोबिलाइजेशन एडवान्स का भुगतान द्वितीय किस्त के रूप में एवं मशीनरी प्रोक्योरमेंट हेतु आवश्यक एडवान्स (अधिकतम 5 प्रतिशत) तीसरी किश्त के रूप में किया जाय।''

(2) 'सचिव समिति' की संस्तुतियों के क्रम में मेसर्स राईट्स लि0 से प्राप्त लागत का यूपीडा के तकनीकी सेल द्वारा किये गये गणना परीक्षण के उपरान्त आंकलित लागत को परियोजना के पाँचों पैकेजों के प्राप्त बिडों के मूल्यांकन हेतु प्रयोग करने का अनुमोदन प्रदान करते हुए 'आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' के पांचों पैकेजों को इ0पी0सी0 पद्धति पर क्रियान्वयन हेतु पैकेजवार न्यूनतम निविदा प्रस्तुत करने वाले निम्नवत् निविदाकर्ताओं का चयन किये जाने पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है :-

पैकेज संख्या व नाम	न्यूनतम बिड प्रस्तुत करने वाले बिडर का नाम	बिड धनराशि (रुपये करोड़ में)
पैकेज संख्या–I आगरा से फिरोजाबाद	मे0 पीएनसी इन्फ्राटेक लि0	1635.75
पैकेज संख्या–II फिरोजाबाद से इटावा	मे0 एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0	1990.49
पैकेज संख्या III इटावा से कन्नौज	मे0 एनसीसी लि0	1674.81
पैकेज संख्या–IV कन्नौज से उन्नाव	मे0 एफकॉन इन्फ्रास्ट्रक्चर लि0	2124.17
पैकेज संख्या–V उन्नाव से लखनऊ	मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0	1630.00

9055.22

(3) शासनादेश संख्या 1988/77–3–13–2(यूपीडा)/12, दिनांक 30.12.2013 द्वारा 'आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' की कुल अनुमानित लागत रुपये 8944.00 करोड़ अंकित की गयी है। 'सचिव समिति' की बैठक दिनांक 10.09.2014 में परियोजना के पांचों पैकेजों हेतु प्राप्त न्यूनतम बिड्स तथा शासनादेश दिनांक 30.12.2013 द्वारा स्वीकृत अनुमानित परियोजना लागत के अनुक्रम एवं मानकों के आधार पर सम्पूर्ण परियोजना की संशोधित अनुमानित लागत कुल रुपये 11526.73 करोड़ का अनुमोदन प्रदान करते हुए उस पर सक्षम स्तर का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु संस्तुति प्रदान की गयी है। तत्क्रम में 'आगरा से लखनऊ प्रवेश नियंत्रित एक्सप्रेसवे (ग्रीन फील्ड) परियोजना' के पांचों

पैकेजों हेतु सम्पूर्ण परियोजना की निम्नवत संशोधित अनुमानित लागत पर अनुमोदन प्रदान किया जाता है :-

			(रुपये करोड़ में)
i.	परियोजना के पांचों पैकेजों हेतु प्राप्त न्यूनतम बिडों के अनुसार परियोजना की कुल सिविल लागत	–	9055.22
ii.	कन्टेन्जंसी @ 2.8%	–	253.55
	कुल	–	9308.77
iii.	एजेन्सी चार्जेज 3% (यूपीडा को देय)	–	279.26
iv.	क्वालिटी कन्ट्रोल चार्जेज @ 0.25%	–	23.27
v	रोड सेफ्टी आडिट चार्जेज @ 0.25%	–	23.27
vi	सुपरविजन @ 3%	–	279.26
vii	मेन्टीनेन्स कास्ट 5 वर्ष @ 8%	–	744.70
viii	अनुमानित प्रथम वर्ष एडजेस्टमेंट @ 2.5% X 20%	–	46.55
ix	अनुमानित द्वितीय वर्ष एडजेस्टमेंट @ 7.5% X 40%	–	279.26
x	अनुमानित तृतीय वर्ष एडजेस्टमेंट @ 12.5% X 40%	–	465.44
	कुल अनुमानित परियोजना लागत	–	**11449.78**
	अनुमानित यूटिलिटी शिफ्टिंग तथा ई.आई.ए. क्लीयरेंस	–	76.95
	कुल अनुमानित परियोजना लागत यूटिलिटी शिफ्टिंग सहित	–	**11526.73**

(4) यह उल्लेखनीय है कि प्रश्नगत परियोजना का संचालन ई0पी0सी0 पद्धति पर किया जा रहा है और ई0पी0सी0 मोड़ के सम्बन्ध में राज्य सरकार द्वारा कोई नियम/मार्गदर्शक सिद्धान्त नहीं बनाये गये है। यूपीडा द्वारा भारत सरकार की निर्गत ई0पी0सी0 गाईड लाइन्स के आधार पर परियोजना के सभी अभिलेखो का निर्माण किया गया है। कार्य की आवश्यकता के अनुरूप सक्षम स्तर के अनुमोदनोपरान्त कतिपय विचलन भी किये गये है। ऐसे विचलनो के अतिरिक्त परियोजना के अन्य सभी प्राविधान भारत सरकार की ई0पी0सी0 गाईड लाइन्स के अनुसार ही किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

3. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उपरोक्तानुसार कार्यवाही सुनिश्चित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अनिल कुमार)
अनु सचिव।

11526.73
3000.00 land
14526.73

11526.73
2919.00 land
14445.73